भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1283

जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2022 को दिया जाना है

कुडनकुलम विद्युत संयंत्र के लिए जमीन देने वाले भूस्वामियों को रोजगार

1283 श्री के.आर.एन. राजेश कुमार :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुडनकुलम, तमिलनाडु के लोगों ने कुडनकुलम विद्युत संयंत्र निर्माण हेतु अपनी ज़मीन दी थी;

(ख) क्या भूस्वामियों से वादा किया था कि उन्हें कुडनकुलम विद्युत संयंत्र में नौकरियां दी जाएंगी;

(ग) यदि हाँ, तो लाभार्थियों को अभी तक कितनी नौकरियां दी गई हैं और कितनी नौकरियां अभी दी जानी शेष हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो ये लंबित नौकरियां कब तक दी जाएँगी?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, हां।

(ख) से (घ) कूडनकुलम में कोई विस्थापन नहीं किया गया। नौकरियां देने के संबंध में भूस्वामियों को कोई वचन नहीं दिया गया था। तथापि, भूमि और भू-परिसंपत्तियों के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजे का भुगतान भूस्वामियों को किया गया। परियोजना की स्थापना से एनपीसीआईएल में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। केकेएनपीपी में वर्ग 'ग' पदों की भर्तियों में मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपीएस) को आयु और अनिवार्य अर्हता में अंकों के प्रतिशत में छूट प्रदान की जा रही है। अब तक परियोजना से प्रभावित 72 व्यक्तियों को इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किया गया है। बड़ी मात्रा में स्थानीय व्यक्तियों को ठेकेदारों द्वारा रोजगार दिया गया है। इसके अतिरिक्त, माल और सेवाओं की आपूर्ति से स्थानीय व्यक्तियों को व्यापार अवसर भी उत्पन्न हुए हैं।

*****